DAINIK JAGRAN, Prayagraj, 1.9.2019
Page No. 5, Size:(11.77)cms X (12.99)cms.

बीएसएनएल कार्यालय में भी बनेगा आधार कार्ड

जासं, प्रयागराज : अब आधार कार्ड बीएसएनएल के दो कार्यालयों में बनवाया जा सकेगा। इसके लिए तैयारी चल रही है। जल्द ही इसका काम शुरू हो जाएगा। इससे लोगों को राहत मिलेगी।

दरअसल सभी तरह के कार्यों के लिए पहचान पत्र के रूप में अब आधार कार्ड को ही माना जा रहा है। अब तक करोड़ों लोगों ने आधार कार्ड बनवा लिया है फिर भी कुछ लोग ऐसे हैं जिनका नहीं बना है। जबकि कइयों के आधार कार्ड में संशोधन की भी जरूरत है। आधार कार्ड बनाने का काम अब केवल सरकारी एजेंसियों को ही दिया जा रहा है। पहले इस काम को निजी एजेंसियां करती थी। उन्होंने इस काम में फर्जीवाड़ा किया था। इसलिए अब यह काम निजी एजेंसियों को नहीं दिया जा रहा है। नई व्यवस्था के तहत यह काम डाकघर, बैंक और बीएसएनएल के कर्मचारी ही करेंगे। शहर से लेकर गांव तक कई डाकघरों और कुछ बैंकों में आधार कार्ड बन रहे हैं। बीएसएनएल के सीजीएम एमएम अग्निहोत्री ने बताया कि जल्द ही उनके दो कार्यालयों में आधार कार्ड बनेगा। सिविल लाइंस और मुख्यालय कार्यालय में कंप्यूटर लगाकर कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। जल्द ही यहां पर सुविधाएं मिलेगी।